Australian Government

NATIONAL BOWELCANCER SCREENING PROGRAM

CE901 – 12/2025 – Hindi | हिन्दी

# केवल नमूना पत्र




प्रिय <प्रथम नाम>,

## आपको अगली नि:शुल्क बाउल कैंसर स्क्रीनिंग (आंत्र कैंसर जांच) किट 2 साल बाद मिलेगी।

हमारे रिकॉर्ड्स दर्शाते हैं कि आपने पिछले 2 वर्षों में कोलोनोस्कोपी करवाई थी। नैदानिक दिशानिर्देशों के अनुसार, कोलोनोस्कोपी के बाद, अपने अगले बाउल स्क्रीनिंग टेस्ट को छोड़ देना सुरक्षित है।

इसका यह अर्थ है कि आपको अगले 2 वर्षों तक स्क्रीनिंग किट नहीं मिलेगी।

- यदि आप अब फिर से स्क्रीनिंग करना चाहते हैं, तो आप **www.ncsr.gov.au/boweltest** पर जाकर या 1800 627 701 पर कॉल करके अपनी किट डाक द्वारा भेजे जाने का निवेदन कर सकते हैं।
- यदि आपके डॉक्टर ने कोलोनोस्कोपियों के साथ नियमित फॉलो-अप (निगरानी कोलोनोस्कोपी) का सुझाव दिया है, तो कृपया अनावश्यक किट प्राप्त करने से बचने के लिए इसमें भाग न लेने का विकल्प चुनें या अपनी भागीदारी स्थगित कर दें। आप **www.ncsr.gov.au/manage-participation** पर जाकर या 1800 627 701 पर कॉल करके ऐसा कर सकते हैं।

अगर आपको कोई शंका है, तो अपने डॉक्टर से बात करें कि आपके लिए क्या सही है। आपके डॉक्टर या विशेषज्ञ ही आपको स्क्रीनिंग के विकल्पों के बारे में सबसे अच्छी सलाह दे सकते हैं।

अपने डॉक्टर के साथ इस विषय पर चर्चा करने में सहायता के लिए आप संलग्न सूचना पत्रक का उपयोग कर सकते हैं।

सादर

नेशनल बाउल कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम (राष्ट्रीय आंत्र कैंसर जांच कार्यक्रम)

**बाउल कैंसर स्क्रीनिंग के बारे में और अधिक जानकारी के लिए**

www.health.gov.au/nbcsp पर जाने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें

नेशनल कैंसर स्क्रीनिंग रजिस्टर की वेबसाइट www.ncsr.gov.au पर जाएं या 1800 627 701 पर कॉल करें

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग कैसे करते हैं: www.ncsr.gov.au/privacy

Australian Government

NATIONAL BOWEL CANCER SCREENING PROGRAM

## डॉक्टर/रोगी के बीच बातचीत में सहायक जानकारी

हमारे रिकॉर्ड्स दर्शाते हैं कि आपके रोगी की पिछले 2 वर्षों में कोलोनोस्कोपी हुई है और इसलिए वे बाउल स्क्रीनिंग के एक राउंड (चरण) को करना छोड़ सकते हैं। इसका अर्थ यह है कि उन्हें अपनी अगली स्क्रीनिंग किट अगले 2 वर्षों तक नहीं मिलेगी, जब उनकी अगली स्क्रीनिंग होनी निर्धारित होगी।

यह नैदानिक दिशानिर्देशों के अनुरूप है, जो यह सलाह देते हैं कि यदि हाल ही में हुई कोलोनोस्कोपी में निगरानी कोलोनोस्कोपी की आवश्यकता नहीं पाई जाती है, तो व्यक्ति अपना अगला बाउल स्क्रीनिंग टेस्ट करना छोड़ सकता है।

हालांकि, यदि वे अब दोबारा स्क्रीनिंग करना चाहते हैं, तो वे अपनी किट डाक द्वारा भेजे जाने का अनुरोध कर सकते हैं। आप उनकी ओर से उनकी किट का अनुरोध भी कर सकते हैं।

| **स्वास्थ्य-देखभाल प्रदाता द्वारा की जाने वाली संभावित कार्रवाईयाँ** | |
|---|---|
| **यदि आपका रोगी स्क्रीनिंग का एक राउंड (चरण) छोड़ देता है** | **तो आगे किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है।** कार्यक्रम आपके रोगी को अगले 2 वर्षों में एक टेस्ट किट भेजेगा जब उनकी स्क्रीनिंग निर्धारित होगी। |
| **यदि आपके रोगी को हर 2 वर्षों में स्क्रीनिंग करना जारी रखना चाहिए** | तो **www.ncsr.gov.au/boweltest** पर जाकर या 1800 627 701 पर कॉल करके उनकी ओर से किट का अनुरोध करें, या अपने क्लिनिकल सॉफ़्टवेयर इंटीग्रेशन या नेशनल कैंसर स्क्रीनिंग रजिस्टर स्वास्थ्य-देखभाल प्रदाता पोर्टल के माध्यम से यह काम करें। |
| **यदि आपके रोगी को स्क्रीनिंग को अस्थायी रूप से स्थगित कर देना चाहिए** | तो 1800 627 701 पर कॉल करके हमें स्क्रीनिंग स्थगित करने की समयसीमा बताएँ, या अपने क्लिनिकल सॉफ़्टवेयर इंटीग्रेशन या नेशनल कैंसर स्क्रीनिंग रजिस्टर स्वास्थ्य-देखभाल प्रदाता पोर्टल के माध्यम से यह करें। |
| **यदि आपके रोगी को स्थायी रूप से स्क्रीनिंग से अपना नाम वापस लेना हो** | तो 1800 627 701 पर कॉल करें या अपने क्लिनिकल सॉफ़्टवेयर इंटीग्रेशन या नेशनल कैंसर स्क्रीनिंग रजिस्टर स्वास्थ्य-देखभाल प्रदाता पोर्टल के माध्यम से स्क्रीनिंग से उनका नाम वापस लें। |
| आपका रोगी 1800 627 701 पर कॉल करके या **www.ncsr.gov.au/manage-participation** पर नेशनल कैंसर स्क्रीनिंग रजिस्टर प्रतिभागी पोर्टल के माध्यम से अपनी भागीदारी का प्रबंधन कर सकता है। | |

| | |
|---|---|
| **नैदानिक मार्गदर्शन** | नेशनल बाउल कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम *कोलोरेक्टल कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और प्रबंधन के लिए नैदानिक अभ्यास दिशानिर्देशों* (2023 में अपडेट किए गए) - **www.cancer.org.au/go/clinical-guidelines-bowel** पर आधारित है। |
| | कोलोनोस्कोपी के बाद प्रोग्राम के साथ आपके रोगी की स्क्रीनिंग की उपयुक्तता निर्धारित करने के लिए, कृपया निगरानी कोलोनोस्कोपी के लिए नैदानिक अभ्यास दिशानिर्देश - **www.cancer.org.au/go/clinical-guidelines-bowel-surveillance** देखें। |

**बाउल कैंसर स्क्रीनिंग के बारे में और अधिक जानकारी के लिए**

www.health.gov.au/nbcsp पर जाने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें

नेशनल कैंसर स्क्रीनिंग रजिस्टर की वेबसाइट www.ncsr.gov.au पर जाएं या 1800 627 701 पर कॉल करें

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग कैसे करते हैं: www.ncsr.gov.au/privacy